# सेंट्रल मेडिकल यूनिवर्सिटी बनेगा बीएमएचआरसी

## सांसद शर्मा बोले- शहर के हर क्षेत्र में खुलेंगी डिस्पेंसरी, आयुष्मान का मिलेगा लाभ

**भोपाल, 18 जुलाई. भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र ( बीएमएचआरसी ) अब गैस पीड़ितों के साथ-साथ अन्य मरीजों के इलाज की सुविधा मुहैया कराएगा. इसके साथ ही गैस पीड़ितों के लिए पुराने शहर में जो आठ डिस्पेंसरियां बनी हैं, उनकी संख्या भी बढ़ाई जाएगी.**

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि यह डिस्पेंसरी या कोलार, बैरागढ़, नरेला, टीटी नगर सहित भेल क्षेत्र में खोली जाएंगी. जहां पर आयुष्मान के तहत फ्री इलाज मरीज को मिलेगा. शुक्रवार को हुई बैठक में सांसद शर्मा ने कहा कि बीएमएचआरसी गैस पीड़ितों के बेहतर इलाज के लिए बना था, लेकिन अब गैस पीड़ित मरीजों की संख्या कम हो गई है और शहर की आबादी बढ़ गई है. इसलिए अब इस अस्पताल में और सुविधाएं लाकर कैंसर, न्यूरो, ऑर्थो, चाइल्ड सहित हर तरह के मरीजों के इलाज की दृष्टि से विकसित किया जाएगा.




इस संस्थान को एम्स में मिलने वाली सुविधाओं की तरह इसके समकक्ष बनाया जाएगा. सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि जब वर्तमान में भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में नर्सिंग, पैरामेडिकल, पीएचडी, सुपर स्पेशलिटी के साथ ही फिजियोथैरेपी जैसी व्यवस्थाएं पहले से ही संचालित की जा रही है तो अब इसे सेंट्रल मेडिकल यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित किया जाना चाहिए. एसजीपीजीआईएमएस लखनऊ, केजीएमयू लखनऊ, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज नई दिल्ली एवं सीएमसी वेल्लोर की तर्ज पर स्वायत्वशासी बनाया जाएगा. उन्होंने कहा कि इसके लिए वे स्वयं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से चर्चा करेंगे. सांसद शर्मा ने संस्थान के सभी विभाग प्रमुखों के साथ बैठक में इसके विकास का प्लान बनाने के निर्देश दिए हैं. बीएमएचआरसी में जनरल वार्ड की सुविधा जल्द प्रारम्भ होगी.

### स्वास्थ्य, पर्यावरण के लिए खतरनाक हैं पारायुक्त चिकित्सा उपकरण

**भोपाल, 18 जुलाई.** लोगों और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पारे युक्त चिकित्सा उपकरण, जैसे थर्मामीटर और रक्तचाप (बीपी) मापक यंत्र के उपयोग को पूरी तरह बंद करने की अपील आज उपभोक्ता संगठनों, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों, नागरिक समाज संगठनों और पर्यावरणविदों द्वारा की गई.

यह अपील कंज़्यूमर वॉयस और नेशनल सेंटर फ़ॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट द्वारा आयोजित एक कार्यशाला के दौरान की गई, जिसमें घरेलू स्तर पर खासकर बच्चों और महिलाओं में पारे के दुष्प्रभाव और मिनामाटा कन्वेंशन में भारत की प्रतिबद्धता पर चर्चा हुई. पारे युक्त उपकरण, जब तक टूटे नहीं होते, सुरक्षित माने जाते हैं. लेकिन एक बार टूटने या गलत तरीके से फेंके जाने पर, पारा वाष्पित होकर जहरीली गैस के रूप में वातावरण में फैलता है, जो श्वसन या त्वचा के संपर्क से मानव स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है. इससे फेफड़े, गुर्दे और तंत्रिका तंत्र को नुकसान हो सकता है. पारा वातावरण, मिट्टी और जल को प्रदूषित कर खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर सकता है और व्यापक जनसंख्या को प्रभावित कर सकता है. टॉक्सिक्स लिंक की 2011 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति वर्ष लगभग 8 टन पारा चिकित्सा मापन उपकरणों से निकलता है, जिसमें से 69त्न स्फिग्मोमैनोमीटर के गलत निपटान से आता है.

# वार्ड 30 में आंगनबाड़ी केंद्र का भूमिपूजन

**भोपाल, 18 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने वार्ड 30 के बलबीर नगर में 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाली आंगनवाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए शुक्रवार को भूमिपूजन किया. यह आंगनवाड़ी ट्रांसफोर्मेशन प्रोजेक्ट के तहत बनेगी, जो प्रोटो टाइप आंगनवाड़ी होगी.**



यहां पर पेरेन्ट कॉर्नर, डॉक्टर कॉर्नर, फीडिंग कॉर्नर, प्ले जोन, पोषण वाटिका, हैडवॉश यूनिट, रिप्ले, टीवी, बच्चों का फर्नीचर, मच्छरजाली जैसी सुविधायें दी जाएंगी, इसमें वाटर हार्वेस्टिंग भी की जाएगी, नवाचार करते हुए सूचनाओं के लिए क्यूआर कोड भी लगाये जाएंगे. इसके बनने से बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी, बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर भी इसमें कई महत्वपूर्ण बदलाव किए जाएंगे. सबनानी ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा जनमानस की सुविधाओं के साथ उनकी सुरक्षा की बात करती है, यह आने वाले छोटे बच्चे कल के भारत के निर्माणकर्ता बनेंगे. यहां पर बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा, जो भविष्य में उनकी शिक्षा के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा. कार्यक्रम में ही लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया.

इस अवसर पर विधायक सबनानी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया, और सभी से इस वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए अपील की. कार्यक्रम में महिला बाल विकास निगम के अधिकारियों के साथ नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश जोशी, मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय, चंद्रभान यादव, राधेश्याम प्रजापति, रामसखा तिवारी, लीलाधर आवले, विनोद प्रजापति, महेश जोशी, उमेश यादव, नरेंद्र प्रजापति, बृजेंद्र राजपूत, दिनेश दुबे सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे.

# डॉ. आकांक्षा ने लंग कैंसर पर की चर्चा

▶ इंदौर में हुआ कैंसर कॉन्क्लेव

**भोपाल, 18 जुलाई. एम्स भोपाल के मेडिकल ऑन्कोलॉजी और हीमैटोलॉजी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. आकांक्षा चौधरी को हाल ही में इंदौर में हुए चौथे एमपीसीकॉन - वार्षिक मध्यप्रदेश कैंसर कॉन्क्लेव में विशेषज्ञ फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया.**




यह सम्मेलन इंदौर ऑन्कोलॉजिस्ट एसोसिएशन एवं कैंसर रिसर्च एंड स्टैटिस्टिक फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश से प्रतिष्ठित कैंसर विशेषज्ञ, शोधकर्ता एवं चिकित्सक शामिल हुए. सम्मेलन के दौरान कैंसर प्रबंधन के नवीनतम आयामों जैसे कि नई दवाएं, इम्यूनोथैरेपी और टारगेटेड थैरेपी पर गहन चर्चा हुई. उन्होंने मेटास्टेटिक (स्टेज 4) लंग कैंसर में इम्यूनोथैरेपी की भूमिका पर आयोजित पैनल चर्चा में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया. यह एक ऐसा कैंसर है जो चिकित्सकीय दृष्टिकोण से आमतौर पर देखने को मिलता है.

### अखिल भारतीय कलचुरी महासभा की बैठक आज

**भोपाल, 18 जुलाई.** अखिल भारतवर्षीय हैह्य कलचुरी महासभा द्वारा आगामी 2 एवं 3 अगस्त को स्थापना दिवस मनाया जाएगा. आयोजन की तैयारी को लेकर शनिवार 19 जुलाई को शाम 4 बजे से जे के हॉस्पिटल परिसर में बैठक का आयोजन किया गया है. महासभा के उपप्रचार सचिव सुधाकर राऊत ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जयनारायण चौकसे तथा राष्ट्रीय महासचिव एड. एमएल राय तथा महासभा के राष्ट्रीय तथा प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी सहित वरिष्ठ सदस्य शामिल होंगे.

# भारतीय ज्ञान परम्परा, वेदों से विज्ञान तक : डॉ. शिवकुमार

▶ एनआईटीटीटीआर में विशेष व्याख्यान

**भोपाल, 18 जुलाई. एनआईटीटीटीआर भोपाल में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश एवं देश भर से आने वाले शासकीय महाविद्यालयों में पदस्थ प्राध्यापकों के लिए चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा एक वैज्ञानिक दृष्टि विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया.**




इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. शिव कुमार शर्मा राष्ट्रीय संगठन सचिव, विज्ञान भारती ने भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध आयामों पर चर्चा करते हुए कहा कि धर्म, दर्शन, विज्ञान, चिकित्सा, वास्तुशास्त्र एवं धातुकर्म, ज्योतिष, खगोल, स्थापत्य कला, नृत्य कला, संगीत कला आदि सभी तरह के ज्ञान का जन्म भारत में हुआ है. ऐसा कहने में कोई गुरेज नहीं, क्योंकि इसके हजारों प्रमाण हैं. आधुनिक युग के ऐसे बहुत से अविष्कार हैं, जो भारतीय शोधों के निष्कर्षों पर आधारित हैं .शिक्षक का स्थान भारतीय संस्कृति मे सर्वोत्तम है. भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ा कार्य एक साधना है.

निटर भोपाल के डायरेक्टर डॉ. सी सी त्रिपाठी ने कहा कि हमारे संस्थान में भारतीय ज्ञान परंपरा विभाग की स्थापना की गयी है, जिसका उद्देश्य भारतीय शैक्षिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर को पुन: जीवित कर वैज्ञानिक तथ्यों के साथ समकालीन रूप से प्रासंगिक बनाना है. डीन साइंस एवं हेड आईकेएस प्रो. पी के पुरोहित ने कहा कि निटर भोपाल उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश एवं देश भर के शिक्षकों के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित कर रहा है.

## एक नजर में

### अवॉर्ड लेकर लौटीं महापौर, भव्य स्वागत



**भोपाल.** स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के परिणामों में भोपाल देश का दूसरा सबसे साफ शहर घोषित किया गया है. गुरुवार को नई दिल्ली में यह खिताब मिला है. महापौर मालती राय और टीम के सदस्य शुक्रवार को दिल्ली से भोपाल लौट आए. इस दौरान सफाई मित्र भी एयरपोर्ट पहुंच गए और महापौर समेत अन्य का स्वागत किया. इसके बाद मेयर और एमआईसी सदस्यों ने एयरपोर्ट पर झाडू भी लगाई. महापौर और टीम ने सफाई मित्रों को भी हार पहनाकर मुंह मीठा कराया. महापौर राय, निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण, एमआईसी मेंबर रविंद्र यति, आरके सिंह बघेल, मनोज राठौर, सुषमा बावीसा, पार्षद बृजला सचान सहित भोपाल के दल में शामिल सदस्यों का स्वागत किया गया. महापौर ने स्वच्छता की रैंकिंग में सुधार का श्रेय सफाई मित्रों को देते हुए पुष्प माला से उनका अभिनंदन किया.

### व्हील्स ऑफ़ उड़ान-ए राइड थ्रू टाइम प्रदर्शनी कल

**भोपाल.** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल द्वारा ग्रीन प्लैनेट बाइसिकल राइडर्स एसोसिएशन के सहयोग से व्हील्स ऑफ उड़ान : ए राइड थ्रू टाइम विषय पर एक दिवसीय प्रदर्शनी 20 जुलाई रविवार को शाम 4 बजे से 7 बजे तक संग्रहालय के वीथिसंकुल परिसर, में आयोजित की जाएगी. कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण समूह साइक्लिंग के प्रेरणादायक छायाचित्र, विंटेज से आधुनिक साइकिलों की प्रदर्शनी, संवादात्मक हेरिटेज वॉल, युवाओं के लिए कार्यशालाएँ एवं ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियाँ होंगी. संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने बताया यह अनोखा आयोजन साइक्लिंग को एकता, स्थायित्व, परंपरा और सामाजिक सहभागिता के प्रतीक रूप में प्रस्तुत करता है. इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों को हरित जीवनशैली अपनाने, विरासत से जुड़ने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया जाएगा. संग्रहालय के जनसंपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य हरित जीवनशैली के लिए प्रेरणा देना, साइक्लिंग की सांस्कृतिक यात्रा एवं योगदान का उत्सव, साइक्लिस्टों एवं पर्यावरण प्रेमियों से संवाद का अवसर प्रदान करना है. इस कार्यक्रम में प्रवेश नि:शुल्क है.

### 22 जुलाई को शहीद दिवस का आयोजन

**भोपाल.** अखिल भारतीय बुंदेलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में 1857 के शहीद महाराज मर्दन सिंह बानपुर .. नरेश मर्दनसिंह के बलिदान पर्व पर शहीद दिवस का आयोजन, मड़बैया साहित्य सदन, कोटरा स्थित, 75 चित्रगुप्त नगर, में 22 जुलाई को दोपहर 3 बजे से विशेष साहित्य संगोष्ठी और काव्य संध्या के साथ आयोजित किया जा रहा है. संयोजक बृजेश नामदेव ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि इसमें इतिहासकारों व विशिष्ट कवियों को आमंत्रित किया गया है.

### आंचलिक विज्ञान केंद्र में होंगे कार्यक्रम

**भोपाल.** राजधानी भोपाल के आंचलिक विज्ञान केंद्र में रविवार 20 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय चंद्रमा दिवस का आयोजन किया जा रहा है. यह दिन मानव इतिहास की उस ऐतिहासिक घटना को समर्पित है. जब पहली बार इंसान ने चंद्रमा पर कदम रखा था. इस मौके पर बच्चों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए खास विज्ञान गतिविधियां आयोजित की जाएंगी. जो न केवल रोचक होंगी, बल्कि ज्ञानवर्धक भी. बता दें कि इस आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को विज्ञान और अंतरिक्ष की ओर प्रेरित करना और चंद्र अन्वेषण की ऐतिहासिक उपलब्धियों से परिचित कराना है. कार्यक्रम के तहत चंद्रमा लेंडर निर्माण कार्यशाला सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक, शाम 4 :30 से 5 :30 बजे तक ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी. इसमें सभी उम्र के लोग भाग ले सकते हैं. विज्ञान के आश्चर्यजनक प्रयोगों का जीवंत प्रदर्शन होगा. इसमें बच्चे और परिवार विज्ञान को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकेंगे.

# जनशिक्षा केंद्र में 21 छात्र-छात्राओं को बांटी साइकिलें

▶ फंदा ब्लॉक के निपानिया जाट में हुआ आयोजन

**भोपाल, 18 जुलाई. बैरसिया रोड पर फंदा ब्लॉक की ग्राम पंचायत निपानिया जाट के शासकीय माध्यमिक शाला स्कूल जन शिक्षा केंद्र निपानिया जाट में शुक्रवार को तीन स्कूल माध्यमिक शाला हिनोतिया जागीर के 11 छात्र छात्राओं, माध्यमिक शाला कढ़ैया के 7 एवं माध्यमिक शाला निपानिया जाट की तीन छात्राओं को मिलाकर 21 साइकिलों का वितरण भोपाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं सभापति स्कूल शिक्षा समिति मोहन सिंह जाट ने किया.**



उपाध्यक्ष जाट ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस अवसर पर हाई स्कूल की प्राचार्य निधि मल्होत्रा ने पुष्प गुच्छ से जाट का स्वागत किया. इस अवसर पर शाला प्रभारी अरविंद पाटीदार निपानिया, शाला प्रभारी मनीष कुमार शर्मा हिनोतिया जागीर, संकुल समन्वयक लाखन सिंह सेंगर, शाला प्रभारी माध्यमिक शाला कढ़ैया संतोष यादव एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे.

# गौहर महल में आज से शुरू होगी खिलौना प्रदर्शनी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 18 जुलाई. ऐतिहासिक गौहर महल में एक बार फिर हस्तशिल्प और लोककला की महक बिखरेगी. 19 जुलाई से यहां खिलौना प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है. प्रदर्शनी में बुदनी, सीहोर, रीवा और मुरैना के पारंपरिक खिलौना निर्माता कारीगर अपनी अनूठी कारीगरी का प्रदर्शन करेंगे.**

म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम की ओर से आयोजित इस खिलौना प्रदर्शनी में लकड़ी से बने ऐसे खिलौने देखे जा सकेंगे, जो अपनी पारंपरिक सुंदरता और ग्रामीण संस्कृति की कहानी कहते हैं. बुदनी के लकड़ी के रंग-बिरंगे खिलौने, जिनमें छोटे बैल-गाड़ी, घोड़े, तोते, बर्तन सेट और गृह सज्जा के खिलौने प्रमुख हैं, वहीं मुरैना के मिट्टी से बने खिलौनों में ग्रामीण जीवन की झलक देखने को मिलेगी. प्रदर्शनी के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य प्रदेश की पारंपरिक खिलौना कारीगरी को प्रोत्साहन देना और कारीगरों को सीधा बाजार उपलब्ध कराना है. प्रदर्शनी में बच्चों के साथ-साथ युवाओं और पर्यटकों के लिए भी यह प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रहेगी. प्रदर्शनी 25 जुलाई तक चलेगी.

# एमपी एनएसयूआई में बड़ा फेरबदल अंकित डेढ़ा, साहिल शर्मा नए प्रभारी

**भोपाल, 18 जुलाई. मध्यप्रदेश एनएसयूआई संगठन में बड़ा फेरबदल हुआ है. एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने राजस्थान के महावीर गुर्जर और रितू बराला की जगह नए प्रभारी के रूप में दिल्ली के अंकित डेढ़ा और हरियाणा के साहिल शर्मा को नियुक्त किया है. दोनों ही एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव हैं.**

इस संबंध में एनएसयूआई मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने बताया कि महावीर गुर्जर एवं रितू बराला के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में संगठन ने कई ऐतिहासिक आंदोलन किए और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया.


परमार ने कहा कि महावीर गुर्जर एवं रितू बराला के कार्यकाल में एनएसयूआई की विचारधारा युवाओं तक पहुंची, छात्र हितों के संघर्ष में संगठन ने नई पहचान बनाई. रवि परमार ने कहा कि अब अंकित डेढ़ा और साहिल शर्मा को मध्यप्रदेश एनएसयूआई का नया प्रभारी बनाया गया है. उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी.

# आत्मचिंतन- ध्यान से कैनवास पर उकेरा जीवन के भाव

## अनुमेहा की चित्र प्रदर्शनी में दिखी मानव स्मृतियों और सेल की अद्भुत संरचना

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 17 जुलाई. भारत भवन में अनुमेहा जैन द्वारा लगाई गई कला प्रदर्शनी को जो भी देखने आता है वह चित्रों में खो जाता है. कला और विज्ञान का अनोखा संगम अनुमेहा द्वारा उनके चित्रों में प्रदर्शित किया गया है.**



रूपाभ श्रृंखला द्वारा आयोजित रंगदर्शनी दीर्घा में दिल्ली की अनुमेहा के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई है. यह पर लगभग 80 चित्रों को प्रदर्शित किया गया है जीवन के दो महत्वपूर्ण हिस्से कला और विज्ञान को बड़ी ही बारीकी से कई परतों में एक्रेलिक, वाटर कलर, ग्रेफाइट पेंसिल के माध्यम से कैनवास पर उतारने की कोशिश की है. अनुमेहा ने बताया कि मौजूद आर्टवर्क एब्सट्रैक्ट फॉर्म में तैयार किये गए हैं जिनमें मनाव कोशिका, मस्तिष्क में चल रहे विचारों और भाव को चित्रित करने की कोशिश की है. उन्होंने बताया कि उन्हें शुरवात से ही ध्यान और आत्मचिंतन करना पसंद रहा है जिसके वजह से उन्होंने अपनी चित्रकारी में इस तरह की प्रकृति से जुड़ी और जीवन के एक पल में जीवित होकर अगले ही पल में समाप्त होने के बीच मानव कोशिकाओं के भाव को दर्शाने का प्रयास किया है उन्होंने बताया कि मानव शरीर में ही सम्पूर्ण रत्न छिपे है जिसे वह एकाग्र मन और साधना से कैनवास पर उकेरती हैं.

परिचर्चा ▶ आरएनटीयू में गुरु-शिष्य परंपरा पर संवाद कार्यक्रम

# गुरु-शिष्य परंपरा का विकल्प नहीं हो सकता एआई

**भोपाल, 18 जुलाई. रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय ( आरएनटीयू ) भोपाल तथा भारतीय शिक्षण मंडल मध्य भारत प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में व्यास पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर गुरु शिष्य परंपरा पर संवाद एवं परिचर्चा का आयोजन भी किया गया.**



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर हरिहर गुप्ता, प्रांत अध्यक्ष भारतीय शिक्षण मंडल तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रोफेसर मनोज सिंह, एक्सीलेंस महाविद्यालय भोपाल उपस्थित रहे. इस अवसर पर प्रोफेसर गुप्ता ने कहा कि जीवन में गुरु का महत्व भगवान से भी अधिक होता है, इसीलिए कहा भी गया है गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पाएं , बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए. वह गुरु ही है जो एक मनुष्य की चेतना को इस स्तर तक विकसित कर देता है कि साधारण सा आदमी भी ईश्वर को पा जाता है. गुरु ही व्यक्ति को अच्छे बुरे का ज्ञान कराता है. समाज में जब-जब भी अनीति और अनैतिकता फैली है इस देश के गुरुओं अर्थात शिक्षकों ने ही उन्हें दूर करने का बीड़ा उठाया है. चाणक्य और चंद्रगुप्त का उदाहरण हम सबके सामने है. प्रोफेसर मनोज सिंह ने कहा कि विद्यार्थी अपने गुरुओं का सम्मान करें और उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते रहें तभी विद्यार्थियों का जीवन सफल और सार्थक हो सकता है.

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ संगीता जौहरी ने कहा कि आज के समय में छात्र-छात्राओं के भीतर की जिज्ञासा समाप्त हो रही है. आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनके भीतर कोई सवाल ही नहीं है. आज हर एक विद्यार्थी को यह सवाल खुद से करना चाहिए कि उनके भीतर सवाल क्यों नहीं हैं? सवाल ही मनुष्य को चैतन्य बनाते हैं अन्यथा फिर पशुओं और मनुष्यों में अंतर ही क्या रहा?

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आर पी दुबे ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा से जितना छात्र-छात्राओं को सीखने की आवश्यकता है उतना ही शिक्षकों को भी सीखने की आवश्यकता है. आजकल कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का बढ़ता प्रयोग कहीं न कहीं गुरु शिष्य के संबंधों को कमजोर कर रहा है, लेकिन हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि एआई कभी भी गुरु शिष्य परंपरा की बराबरी नहीं कर सकता.

### आज 25 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल.** भोपाल शहर के लगभग 25 इलाकों में शनिवार को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मेंटनेंस करेगी. इस कारण इन इलाकों में बिजली कटौती होगी. शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक मक्सी, मद्रासी बस्ती, हर्षवर्धन नगर, पंचशील नगर, राहुल नगर, बागली, पॉम विष्ठा कॉलोनी, कस्तूरी एवं आसपास के क्षेत्र. सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लालघाटी, ईदगाह फिल्टर प्लांट, कोहेफिजा एवं आसपास. सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक सिंधी कॉलोनी, शाहजहांनाबाद, कबीरा अपॉर्टमेंट एवं आसपास. सुबह 11.30 से दोपहर 1 बजे तक पुष्पा नगर, कम्मू का बाग, महामाई का बाग में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.